**गेल (इंडिया) लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उपक्रम)**
**गेल भवन, 16, भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110 066.**
**फोन: 011-26172580**
**ईमेल: career@gail.co.in**
**निगमित पहचान संख्या: L40200DL1984GOI018976**

# कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में कॅरियर के अवसर- गेट 2025 के माध्यम से

गेल (इंडिया) लिमिटेड सार्वजनिक क्षेत्र की एक महारत्न तथा भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है जो कि प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला (अन्वेषण एवं उत्पादन, प्रोसेसिंग, संचरण, वितरण एवं विपणन सहित) के समस्त पहलुओं तथा इससे संबंधित सेवाओं को एकीकृत कर रही है। गेल तेज़ी से बदलते व्यापारिक परिवेश में हरित ऊर्जा गलियारों का चतुर्भुज बनाकर स्वच्छ ईंधन औद्योगीकरण के नए युग का सूत्रपात कर रहा है जो भारत के बड़े उपभोक्ता केंद्रों को प्रमुख गैस क्षेत्रों, एलएनजी टर्मिनलों तथा सीमा पार के अन्य गैस स्रोतों से जोड़ता है। देश की नंबर 1 गैस कंपनी गेल विकास, सफलता और सीखने के अवसर एवं अच्छे पारिश्रमिक प्रदान करती है।

1. गेल, नीचे तालिका-**I** में दिए गए विवरण के अनुसार गेट-**2025** अंकों का उपयोग करके कार्यकारी संवर्ग में विभिन्न पदों को भरने के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले **भारतीय नागरिकों** से आवेदन आमंत्रित करता है:-

**तालिका-I**

| क्रम संख्या | पद का नाम | न्यूनतम अनिवार्य योग्यता | श्रेणीवार पीडब्ल्यूबीडी के लिए यथा उपयुक्त चिन्हित पद |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यकारी प्रशिक्षु (केमिकल)<br>ग्रेड :ई-2<br>वेतनमान : ₹ 60,000 - 1,80,000/- | न्यूनतम **65% अंकों** के साथ केमिकल / पेट्रोकेमिकल / केमिकल टेक्नोलॉजी / पेट्रोकेमिकल टेक्नोलॉजी / केमिकल टेक्नोलॉजी एंड पॉलिमर साइंस / केमिकल टेक्नोलॉजी एंड प्लास्टिक टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री। | **श्रेणी ए**: बी, एलवी<br>**श्रेणी बी**: एचएच<br>**श्रेणी सी**: ओए, ओएल, डीब्ल्यू, एएवी<br>**श्रेणी डी**: एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>**श्रेणी ई**: एमडी जिसमें उपर्युक्त (ए) से (डी) शामिल है। |
| 2 | कार्यकारी प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन)<br>**ग्रेड :ई-2**<br>**वेतनमान : ₹ 60,000 -1,80,000/-** | न्यूनतम **65% अंकों** के साथ इंस्ट्रूमेंटेशन / इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल / इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन / इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन / इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री। | **श्रेणी बी**: डी, एचएच<br>**श्रेणी सी**: ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>**श्रेणी डी**: एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>**श्रेणी ई**: एमडी जिसमें उपर्युक्त (बी) से (डी) शामिल है। |
| 3 | कार्यकारी प्रशिक्षु (इलेक्ट्रिकल)<br>**ग्रेड :ई-2**<br>**वेतनमान : ₹ 60,000 -1,80,000/-** | न्यूनतम **65% अंकों** के साथ इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रिकल,इलेक्ट्रॉनिक्स एंड पावर / इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रिकल एंड पावर इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री। | **श्रेणी बी**:डी, एचएच<br>**श्रेणी सी**: ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी<br>**श्रेणी डी**: एएसडी (एम) एसएलडी, एमआई<br>**श्रेणी ई**: एमडी जिसमें उपर्युक्त (बी) से (डी) शामिल है। |
| 4 | कार्यकारी प्रशिक्षु (मैकेनिकल)<br>**ग्रेड :ई-2**<br>**वेतनमान : ₹ 60,000 -1,80,000/-** | न्यूनतम **65% अंकों** के साथ मैकेनिकल / प्रोडक्शन / प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल / मैन्युफैक्चरिंग / मैकेनिकल एंड ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री | **श्रेणी बी**:डी, एचएच<br>**श्रेणी सी**: ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी<br>**श्रेणी डी**: एसएलडी, एमआई<br>**श्रेणी ई**: एमडी जिसमें उपर्युक्त (बी) से (डी) शामिल है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | कार्यकारी प्रशिक्षु (बीआईएस)<br>**ग्रेड :ई-2**<br>**वेतनमान : ₹ 60,000 -1,80,000/-** | न्यूनतम **65% अंकों** के साथ कंप्यूटर साइंस / सूचना प्रौद्योगिकी में इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री अथवा न्यूनतम **60% अंकों** के साथ स्नातक की डिग्री तथा न्यूनतम 65% **अंकों** के साथ न्यूनतम 2 वर्ष का कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) में स्नातकोत्तर डिग्री | **श्रेणी ए**: बी, एलवी<br>**श्रेणी बी**: डी, एचएच<br>**श्रेणी सी**: ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>**श्रेणी डी**: एसएलडी, एमआई<br>**श्रेणी ई**: एमडी जिसमें उपर्युक्त (ए) से (डी) शामिल। |

**प्रयुक्त संक्षिप्तियां**

| संक्षिप्तियां | स्पष्टीकरण | | |
|---|---|---|---|
| **पीडब्ल्यूबीडी** | संदर्भित दिव्यांगजन | **ओएएल** | एक हाथ और एक पैर |
| **बी** | नेत्रहीन | **सीपी** | मस्तिष्क पक्षाघात |
| **एलवी** | कम दृष्टि | **एलसी** | कुष्ठ रोग से स्वस्थ |
| **डी** | बधिर | **डीडब्ल्यू** | बौनापन |
| **एचएच** | अल्प बधिर | **एएवी** | तेजाब हमले के पीड़ित |
| **ओए** | एक हाथ | **एएसडी (एम)** | आत्मकेंद्रित स्पेक्ट्रम विकार (एम = हल्का |
| **ओएल** | एक पैर | **एसएलडी** | विशिष्ट सीखने की अक्षमता |
| **बीएल** | दोनों पैर | **एमआई** | मानसिक बीमारी |
| **एमडी** | बहु दिव्यांगता | बीआईएस | व्यापार सूचना प्रणाली |

**2. शैक्षिक योग्यता में अंकों के न्यूनतम प्रतिशत में छूट:**

आवश्यक योग्यता के अंकों में न्यूनतम 5%प्रतिशत छूट अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों के संबंध में प्रदान की जाएगी। शैक्षिक योग्यता में अंकों के न्यूनतम योग्यता प्रतिशत में उपरोक्त छूट केवल उन पदों के संबंध में लागू है जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। अनारक्षित पदों के लिए आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों पर योग्यता के सामान्य मानदण्ड लागू होंगे और शैक्षिक योग्यता में अंकों के न्यूनतम योग्यता प्रतिशत में कोई छूट उन्हें उपलब्ध नहीं होगी। **इसके अतिरिक्त यह ध्यान दिया जाए कि स्नातक डिग्री / स्नात्कोतर डिग्री आदि में प्राप्त अंकों के प्रतिशत की गणना के लिए अगले उच्च अंक हेतु अंकों का कोई पूर्णांक नहीं दिया जाएगा, जैसे कि 64.99% को (अनारक्षित श्रेणी के संदर्भ मे) 65% नहीं माना जाएगा।**

3. **अनिवार्य योग्यता(ओं) के संबंध में नियम एवं शर्तें**

**3.1** प्रत्येक पद के सामने अपेक्षित न्यूनतम अनिवार्य शैक्षिक योग्यता **तालिका-I** में उल्लिखित है।

**3.2 केवल पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम ही मान्य होंगे।**

3.**3** सभी योग्यताएं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता-प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / यूजीसी से मान्यता-प्राप्त भारतीय मानित विश्वविद्यालय या स्वायत्त भारतीय संस्थानों/ संबंधित सांविधिक परिषद (जहां लागू हो) से एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम से होनी चाहिए।

**3.4** अनिवार्य योग्यता(ओं) में अंकों का न्यूनतम प्रतिशत संस्थान/विश्वविद्यालय के नियमों/मानदंडों के अनुसार माना जाएगा।

**3.5** जहां-कहीं सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई या डिग्री में लैटर ग्रेड प्रदान किया जाता है**,** वहां विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार आवेदन में अंकों के समकक्ष प्रतिशत का इंगित होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के समय मांग किए जाने पर संस्थान/विश्वविद्यालय से इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**3.6** इंजीनियरिंग की डिग्री बी.ई/बी.टेक/बी.एससी. इंजीनियरिंग हो सकती है।

**3.7** 05 वर्षों के एकीकृत बी.ई./बी.टेक. डिग्री प्राप्त करने वाले तथा संबंधित विषय में इंजीनियरिंग में एम.ई./एम.टेक. की एकीकृत दोहरी डिग्री वाले अभ्यर्थी भी ई-2 ग्रेड में कार्यकारी प्रशिक्षु के पद हेतु आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

**3.8** वे अभ्यर्थी जिन्होंने वर्ष 2024 में इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री (इंजीनियरिंग में 05 वर्ष की बीई/बी.टेक + एमई/एम.टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) / एमसीए डिग्री [केवल ईटी (बीआईएस) के लिए] पूरी कर ली है या वे अभ्यर्थी जो वर्तमान में अपने इंजीनियरिंग डिग्री पाठ्यक्रम (05 वर्ष के बीई/बी.टेक + एमई/एम.टेक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में एकीकृत दोहरी डिग्री सहित)/ एमसीए डिग्री [केवल ईटी (बीआईएस) के लिए] के अंतिम वर्ष (2024-25) में हैं, केवल वे ही अभ्यर्थी ई-2 ग्रेड में कार्यकारी प्रशिक्षु के पद हेतु आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

**3.9** वे अभ्यर्थी जिन्होंने वर्ष 2024 में इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री (इंजीनियरिंग में 05 वर्ष की बीई/बी.टेक+एमई/एम.टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित)/एमसीए डिग्री [केवल ईटी (बीआईएस) के लिए] पूरी कर ली है तथा सामान्य, ईडब्ल्यूएस, और अ०पि०व० (एनसीएल) श्रेणी से हैं, उन्हें न्यूनतम 65**%** अंक तथा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थीयों को न्यूनतम 60**%** अंक अवश्य प्राप्त होना चाहिए।

**3.10** वे अभ्यर्थी जो वर्तमान में इंजीनियरिंग की डिग्री पाठ्यक्रम (इंजीनियरिंग में 05 वर्ष की बीई/बी.टेक+एमई/एम.टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित)/एमसीए डिग्री [केवल ईटी (बीआईएस) के लिए] के अंतिम वर्ष (2024-25) में हैं तथा सामान्य, ईडब्ल्यूएस, और अ०पि०व० (एनसीएल) श्रेणी से हैं, उन्हें आवेदन के समय अंतिम सेमिस्टर / अंतिम वर्ष की परीक्षा तक न्यूनतम कुल 65**%** अंक और अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थीयों को न्यूनतम कुल 60**%** अंक अवश्य प्राप्त होना चाहिए।

**3.11** वे अभ्यर्थी जो वर्तमान में इंजीनियरिंग की डिग्री पाठ्यक्रम (05 वर्ष के बीई/बी.टेक + एमई/एम.टेक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) / एमसीए डिग्री [केवल ईटी (बीआईएस) के लिए ] के अंतिम वर्ष (2024-25) में हैं, तथा सामान्य, ईडब्ल्यूएस, और अ०पि०व० (एनसीएल) श्रेणी से हैं, उन्हें न्यूनतम 65**%** अंक तथा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थीयों को न्यूनतम 60**%** अंक अवश्य प्राप्त होना चाहिए और अंतिम डिग्री प्रमाण-पत्र (कम से कम अनंतिम प्रमाण-पत्र) और सभी सेमेस्टरों/वर्षों की मार्कशीट को संबंधित विषय/ब्रांच में उपर्युक्त यथा निर्दिष्ट न्यूनतम निर्धारित प्रतिशत अंकों के साथ अर्हक डिग्री परीक्षा उत्तीर्ण करने का दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

**3.12** जिन अभ्यर्थियों ने वर्ष **2023** या उससे पहले संबंधित विषय/ब्रांच में इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री/एमसीए डिग्री [केवल ईटी (बीआईएस) के लिए पूरी कर ली है, वे आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

**4. आयु सीमा और आयु में छूट:**

**4.1** सभी विभागो में कार्यकारी प्रशिक्षु के पदों के लिए दिनांक **18.03.2025** को ऊपरी आयु सीमा **26** वर्ष है। हालांकि, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) एवं संदर्भित दिव्यांगजनो के संदर्भ मे ऊपरी आयु सीमा मे छूट नीचे दी गयी तालिका **-II** के अनुसार होगी:-

**तालिका -II**

| श्रेणी | ऊपरी आयु सीमा मे छूट (वर्षो मे) |
|---|---|
| अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति | **5** |
| अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) | **3** |
| पीडब्ल्यूबीडी वर्ग के सामान्य/ईडब्ल्यूएस | **10** |
| पीडब्ल्यूबीडी वर्ग के अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) | **13** |
| पीडब्ल्यूबीडी वर्ग के अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति | **15** |

**4.2** भूतपूर्व सैनिकों के मामले में, जिन्होंने संघ के सशस्त्र सैन्य बलों में छ: माह या उससे अधिक की निरंतर सेवा की है, उन्हें अपनी-वास्तविक आयु में से सेवा की इस अवधि को घटाने की अनुमति दी जाएगी और यदि यह आयु अभ्यर्थी द्वारा आवेदित पद/सेवा के लिए निर्धारित ऊपरी आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक नहीं होती है तो यह माना जाएगा कि वह आयु सीमा की शर्तो को पूरा करता है/करती है।

**4.3** ऊपरी आयु सीमा में उपरोक्त छूट केवल उन पदों के संबंध में लागू है जो अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)

उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। अनारक्षित पदों के लिए आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) उम्मीदवारों के लिए योग्यता के सामान्य मानदंड लागू होंगे और ऊपरी आयु सीमा में कोई छूट उन्हें उपलब्ध नहीं होगी। हालांकि, पीडब्ल्यूडी श्रेणी के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में लागू छूट प्रदान की जाएगी, चाहे पद आरक्षित हों या नहीं, बशर्ते पद संबंधित पीडब्ल्यूडी के लिए चिन्हित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त हो।

**4.4 आवेदक की अधिकतम ऊपरी आयु सभी संभावित आयु छूट सहित 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।**

## 5. परिलब्धियां:

**5.1** **चयनित** अभ्यर्थियों को **ई-2 ग्रेड में** कार्यकारी **प्रशिक्षु के रूप में एक** वर्ष **के प्रशिक्षण सह परिवीक्षा** अवधि के **दौरान ₹ 60,000 – 1,80,000 /- के वेतनमान** मे ₹ 60,000 के **मूल वेतन पर** तैनात किया **जाएगा। उनके प्रशिक्षण-सहपरिवीक्षा अवधि के सफल समापन पर, उन्हें ई -2 ग्रेड में रुपये 60,000 – 1,80,000 /- के समान वेतनमान में** शामिल **किया जाएगा। गेल में उपर्युक्त** वर्णित **पदों में शामिल होने वाले** अभ्यर्थीयों **को वेतन संरक्षण स्वीकार्य नहीं होगा।**

**5.2** **वेतन एवं भत्ते:** ग्रेड में यथा लागू मूल वेतन, लागू दरों पर परिवर्तनीय महंगाई भत्ते (वीडीए) तथा कैफेटीरिया नीति के तहत अनुलब्धियां एवं भत्ते।

**5.3** **परिवर्तनीय वेतन:** व्यक्तिगत और संगठनात्मक कार्य-निष्पादन के आधार पर कार्य निष्पादन से संबंधित वेतन।

**5.4** **अन्य लाभ:** कंपनी आवास/लीज पर आवास/मकान किराया भत्ता, चिकित्सा सुविधा, समूह बीमा आदि।

**5.5** **सेवानिवृत्ति लाभ:** अंशदायी भविष्य निधि, उपदान और पेंशन के अलावा सेवानिवृत्ति के पश्चात चिकित्सा लाभ उन कर्मचारियों को प्रदान किया जाएगा जो न्यूनतम 15 वर्ष की निरंतर सेवा प्रदान करने के उपरान्त गेल से सेवानिवृत्त होंगे।

उपर्युक्त सभी लाभ समय-समय पर यथा संशोधित और कंपनी की नीति द्वारा नियंत्रित होंगे।

## 6. तैनाती / सौंपे गए कार्य:

प्रशिक्षण-सह-परिवीक्षा अवधि के दौरान और/या शामिल होने के पश्चात, अभ्यर्थियों को गेल (इंडिया) लिमिटेड के किसी भी संस्थापनों/परियोजनाओं/कार्यालयों आदि में अथवा गेल (इंडिया) लिमिटेड के किसी भी सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यमों में तैनात किया जा सकता है या भारत सरकार के किसी भी विभाग/अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में प्रतिनियुक्त पर भेजा जा सकता है। चयनित अभ्यर्थियों को शिफ्ट ऑपरेशन सहित कंपनी की व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुसार जॉब / फंक्शन / असाइनमेंट सौंपा जा सकता है।

## 7. स्वास्थ्य/ चिकित्सा योग्यता

उपर्युक्त पदों के लिए नियुक्ति, कंपनी द्वारा पद के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार, अभ्यर्थी के चिकित्सकीय रूप से योग्य पाए जाने के अध्यधीन होगी। कंपनी में किसी पद पर नियुक्त होने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को केंद्रीय/ राज्य सरकार के अस्पताल (न्यूनतम जिला स्तरीय अस्पताल) या गेल नामित पैनलबद्ध अस्पतालों में अपनी रोजगार-पूर्व चिकित्सा जांच करवानी होगी, और उन्हें चिकित्सा प्राधिकारी अर्थात् अध्यक्ष चिकित्सा बोर्ड या सिविल सर्जन या मेडिकल सुपरिंटेंडेंट या मुख्य चिकित्सा अधिकारी या किसी केंद्रीय/ राज्य सरकार के अस्पताल के समकक्ष (न्यूनतम जिला स्तरीय अस्पताल) या गेल द्वारा नामित अस्पताल द्वारा जारी निर्धारित प्रारूपों में मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। कार्यभार ग्रहण करने की स्वीकृति चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा चिकित्सा योग्यता प्रमाण-पत्र जारी करने और मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा उसे स्वीकार किए जाने के अध्यधीन होगी। गेल को बिना कोई कारण बताए अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत मेडिकल जांच रिपोर्ट की पुन: जांच या समीक्षा करने का अधिकार होगा और गेल द्वारा विनिर्दिष्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। मेडिकल फिटनेस और पूर्व-रोज़गार चिकित्सा जांच के लिए चिकित्सा मानकों/मानदंडों का विस्तृत दिशा-निर्देश गेल की वेबसाइट https://careers.gail.co.in के "करियर" खंड पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने से पूर्व इसे अच्छी तरह देख लें।

**8. चयन प्रक्रिया और आवेदन कैसे करें**

8.1 गेल वर्ष 2025 के दौरान उपरोक्त विभागों में कार्यकारी प्रशिक्षुओं की भर्ती के लिए "अभियांत्रिकी स्नातक अभिक्षमता परीक्षा - 2025" (गेट-2025) के अंको का उपयोग करेगा।

8.2 योग्य अभ्यर्थी जो गेल में कार्यकारी प्रशिक्षुओं के पदों हेतु आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें पहले गेट-2025 के लिए पंजीकरण करना होगा और उसके पश्चात गेट-2025 के आयोजक संस्थान द्वारा अधिसूचित निर्देशों और समय-सीमा के अनुसार गेट-2025 में निम्नलिखित प्रासंगिक गेट परीक्षा पत्रों में से किसी एक में उपस्थित होना होगा:

**तालिका -II**I

| **पद का नाम** | **गेल मे उक्त विभाग के लिए शैक्षणिक योग्यता के लिए के समकक्ष माने जाने वाली अभियान्त्रिकी शाखाएं** | **उम्मीदवार द्वारा उपस्थित होने वाले संबंधित गेट-2025 विषय पत्र** | **संबंधित गेट-2025 विषय कोड** |
|---|---|---|---|
| कार्यकारी प्रशिक्षु (केमिकल) | 1. केमिकल<br>2. पेट्रोकेमिकल<br>3. केमिकल टेक्नोलॉजी<br>4. पेट्रोकेमिकल टेक्नोलॉजी<br>5. पेट्रोकेमिकल टेक्नोलॉजी एंड पॉलिमर साइंस<br>6. पेट्रोकेमिकल टेक्नोलॉजी एंड प्लास्टिक टेक्नोलॉजी | रासायनिक अभियांत्रिकी | सीएच |
| कार्यकारी प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन) | 1. इंस्ट्रूमेंटेशन<br>2. इंस्ट्रुमेंटेशन एंड कंट्रोल<br>3. इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन<br>4. इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन<br>5. इलेक्ट्रॉनिक्स<br>6. इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स | उपकरण अभियांत्रिकी | आईएन |
| कार्यकारी प्रशिक्षु (इलेक्ट्रिकल) | 1. इलेक्ट्रिकल<br>2. इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड पावर<br>3. इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स<br>4. इलेक्ट्रिकल एंड पावर | विधुत अभियांत्रिकी | ईई |
| कार्यकारी प्रशिक्षु (मैकेनिकल) | 1. मैकेनिकल<br>2. प्रोडक्शन<br>3. प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल<br>4. मैन्यूफैक्चरिंग<br>5. मैकेनिकल एंड ऑटोमोबाइल | यांत्रिक अभियांत्रिकी | एमई |
| कार्यकारी प्रशिक्षु (बीआईएस) | 1. कंप्यूटर विज्ञान<br>2. सूचना प्रौद्योगिकी<br>3. स्नातक डिग्री के साथ कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातकोतर डिग्री (एमसीए) | कंप्यूटर साइंस और सूचना प्रौद्योगिकी | सीएस |

उपरोक्त के अलावा किसी शाखा/विषय में अभियान्त्रिकी डिग्री / एमसीए डिग्री [कार्यकारी प्रशिक्षु (बीआईएस) के लिए] रखने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र नहीं होंगे।

8.3 गेट -2025 अंक और आवश्यकता के आधार पर अभ्यर्थियों को उपरोक्त विभागों में कार्यकारी प्रशिक्षु के पद के लिए आगे की चयन प्रक्रिया हेतु शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि इस भर्ती प्रक्रिया के लिए केवल गेट-2025 अंक ही मान्य है। 2024 या उससे पहले के गेट अंक मान्य नहीं हैं।

8.4 जिन अभ्यर्थियों ने **गेट-2025** के लिए पंजीकरण है, उन्हें गेट की आधिकारिक वेबसाइट से इसके सक्रिय होने पर एडमिट कार्ड को डाउनलोड करना आवश्यक है। पंजीकरण संख्या के साथ **गेट-2025** एडमिट कार्ड प्राप्त होने पर अभ्यर्थियों को गेल वेबसाइट https://gailonline.com के **"करियर"** खंड में अपनी **गेट-2025** पंजीकरण संख्या दर्शाते हुए अलग से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस उद्देश्य के लिए, संबंधित लिंक हमारी वेबसाइट https://gailonline.com के **"करियर"** खंड में उपलब्ध कराया जाएगा। **यह ध्यान दिया जाए कि वैध गेट-2025 पंजीकरण संख्या के बिना आवेदन स्वीकार्य नहीं है।**

8.5 **अभ्यर्थियों को** उनके **गेट-2025** पंजीकरण संख्या निर्दिष्ट करते हुए **केवल गेल की वेबसाइट https://gailonline.com के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना अपेक्षित है।** आवेदन का कोई अन्य साधन/तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। संबंधित लिंक दिनांक **17.02.2025 को 1100 बजे से** दिनांक **18.03.2025 को 1800 बजे तक** उपलब्ध रहेगा।

8.6 अभ्यर्थी केवल एक पद / विभाग के लिए आवेदन कर सकता है। एक से अधिक पद/विभाग के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

8.7 क) दिव्यांगजन श्रेणी के केवल ऐसे अभ्यर्थी ही आरक्षण/छूट का लागू लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे जिनकी संदर्भित दिव्यांगता 40% से कम नहीं है। दिव्यांगजनों के लिए लागू आरक्षण/छूट के लाभ का दावा करने के लिए अभ्यर्थियों को उनके दावे के समर्थन मेंदिनांक 15.06.2017 को जारी अधिसूचना सं. जी.एस.आर. 591(ई.) के तहत सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

ख) **अ.जा./ अ.ज.जा.** श्रेणी के अभ्यर्थियों को अपने दावे के समर्थन में भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में अपना जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना चाहिए।

ग) अ०पि०व० (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को भारत सरकार / केंद्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के तहत पदों पर नियुक्ति में आरक्षण के उद्देश्य से लागू निर्धारित प्रारूप में अपना नवीनतम जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा , जो कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग,भारत सरकार की ज्ञापन संख्याः 36036/2/2013- स्था.(आरईएस) दिनांक 30-05-2014 में यथा निहित विज्ञापन के वर्ष में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो। अ०पि०व० (नॉन क्रीमी लेयर) प्रमाण पत्र में निर्दिष्ट जाति और समुदाय का नाम अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में अवश्य प्रदर्शित होना चाहिए। यदि अभ्यर्थी भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किए गए प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो उसकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, अ०पि०व० (नॉन क्रीमी लेयर) अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में भाग लेने के समय यह दर्शाते हुए एक घोषणापत्र देना होगा कि वे अ०पि०व० (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी से संबंधित हैं, यदि उसी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है।

घ) **ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी** के तहत आरक्षण चाहने वाले अभ्यर्थियों र को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अपना नवीनतम आय और संपत्ति प्रमाण पत्र (निर्धारित प्रारूप के अनुसार) प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित प्रारूप और सक्षम प्राधिकारी कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019-स्था. (आरईएस) दिनांक 31.01.2019 में दिए गए हैं।
**सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए वैध होना चाहिए और वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए आय और संपत्ति सत्यापन के आधार पर तैयार किया हुआ होना चाहिए।**
अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया के समय (यदि शॉर्टलिस्ट किया गया हो) 'आय और संपत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करना होगा । उक्त तिथि से परे आय और संपत्ति प्रमाण पत्र के प्रस्तुतिकरण के लिए समय विस्तार के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। **इसके अलावा, श्रेणी परिवर्तन के लिए भी उनके अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।-**

ङ) अ.जा./ अ.ज.जा., ओबीसी (एनसीएल),ईडब्ल्यूएस तथा पीडब्ल्यूबीडी के लिए जाति प्रमाण पत्र का निर्धारित प्रारूप गेल वेबसाइट https://careers.co.in के 'करियर' खंड से डाउनलोड किया जा सकता है।

## 9. अन्य नियम एवं शर्तें तथा सामान्य अनुदेश

**9.1** केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

**9.2** इस विज्ञापन के एवज़ में भर्ती के संबंध में किसी भी विवाद का निपटान केवल दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत किया जाएगा।

**9.3** उपर्युक्त विज्ञापन में कोई भी संशोधन, परिशिष्ट, शुद्धिपत्र, समय विस्तार, आदि गेल वेबसाइट https://gailonline.com के "करियर" खंड पर ही होस्ट किया जाएगा और किसी अन्य मीडिया में अलग से कोई अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे स्वयं को अपडेट रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।

**10.महत्वपूर्ण तिथियाँ:**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | गेट-2025 की पंजीकरण संख्या को निर्दिष्ट करते हुए उम्मीदवारों द्वारा गेल में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | 17 फरवरी 2025 (1100 बजे से) |
| 2 | उम्मीदवारों द्वारा गेल में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 18 मार्च 2025 (1800 बजे तक) |

गेट-**2025** के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन हेतु इच्छुक अभ्यर्थीगण गेट-**2025** की आधिकारिक वेबसाइट **https://gate2025.iitr.ac.in** अथवा आईआईएससी बैंगलौर तथा आईआईटी (बॉम्बे, दिल्ली, गुवाहाटी, कानपुर, खड़गपुर, मद्रास तथा रुड़की) की वेबसाइट में लॉग ऑन कर सकते हैं।

**गेल एतद्द्वारा आम जनता को सतर्क करते हैं कि वे संदिग्ध एजेंसियों/ संगठनों/ व्यक्तियों/ लोगों के बहकावे में न आएं जिनका उद्देश्य मासूम लोगों से पैसा हड़पना होता है। ई-मेल, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से परिचालित गेल (इंडिया) लिमिटेड से संबन्धित किसी भी विज्ञापन/ नौकरी की घोषणा पर विश्वास न करें। कृपया गेल (इंडिया) लिमिटेड से संबंधित किसी भी नौकरी/ कैरियर संबंधी जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट** https://gailonline.com **पर अपलोड की गई जानकारी पर ही भरोसा करें।**

**इस विज्ञापन के हिन्दी रुपांतरण में निहित किसी भी शर्त की किसी व्याख्या के संबंध में कोई संदेह/अस्पष्टता होने की स्थिति में विज्ञापन का अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।**

**विज्ञापन संख्या: गेल/ओपन/ईटी/2/2024**